<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 474

05 फरवरी, 2020 को उत्तर के लिए

आरआईएनएल के संयुक्त उद्यम के माध्यम से
इस्पात संयंत्र स्थापित किया जाना

474. **श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डीः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार आरआईएनएल के संयुक्त उद्यम के माध्यम से 5 एमटीपीए क्षमता वाले इस्पात संयंत्र स्थापित करने के लिए जापानी और कोरियाई कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है;

(ख) यदि हां, तो बातचीत का ब्यौरा क्या है और प्रस्तावित इस्पात संयंत्र किस स्थान पर स्थापित किया जाएगा;

(ग) सरकार द्वारा विशाखापट्टनम में इस्पात संयंत्र स्थापित न करने के क्या कारण हैं, जहां राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के पास काफी जमीन और अन्य अवसंरचना उपलब्ध है; और

(घ) सरकार उन प्रारंभिक प्रयासों, जो देश में इस्पात संयंत्र स्थापित करने में असफल हो गए, के मद्देनजर प्रस्ताव को सकारात्मक रूप से अग्रेसित करने की किस तरह से योजना बना रही है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (घ): इस्पात मंत्रालय ने जापानी और/या कोरियाई फर्मों की सहायता से उच्च ग्रेड इस्पात के घरेलू विनिर्माण को सुकर बनाने की संभावनाओं का पता लगाने के लिए अगस्त, 2018 में जापानी और कोरियाई फर्मों के साथ बात-चीत की। इसके पश्चात् अक्टूबर, 2019 में आरआईएनएल बोर्ड के अनुमोदन से आंध्रप्रदेश में एक एकीकृत इस्पात संयंत्र की स्थापना की संभावनाओं का पता लगाने के लिए आरआईएनएल और पॉस्को के बीच एक अबाध्यकारी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

****